# JAIN COLLEGE JAYANAGAR
## I PU –MOCK PAPER -2016
## SUB-HINDI

TIME-3:15Hr

Max. Marks:100

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए–** **1X6=6**

१) स्वामी विवेकानंद का विश्वास किन पर है ?
२) निंदा का उद्गम किससे होता है ?
३) केदारनाथ की शीत ऋतु की राजधानी का क्या नाम है?
४) ज्योतिषी कहाँ पर बैठे थे ?
५) संस्कृति का अमित भंडार किसमें भरा हुआ है?
६) बेहोशी का अभिनय किसने किया ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए–** **3X3=9**

७) आनंदी का चरित्र चित्रण कीजिए ?
८) ईर्ष्या द्वेष से प्रेरित निंदकों की दशा कैसी होती है?
९) अंबेडकर जी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए ?
१०) जिला परिषद के बाहर का दृश्य प्रस्तुत कीजिए?
११) राष्ट्र निर्माण में जन का क्या योगदान होता है ?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे–** **1X4=4**

१२) क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह नहीं हैं?
१३) तुम भी खा लेना, गाय को भी खिला देना।
१४) आपका उम्मीदवार किस डिवीजन में पास है।
१५) मुझसे जो अपराध हुआ , क्षमा करना।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए–** **2X3=6**

१६) अभी परसों घी आया है । इतना जल्दी उठ गया ।
१७) तुम नई अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती।
१८) जम कैसे सकता है, हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया ।
१९) भूमि माता है , मैं उसका पुत्र हूँ ।

**III) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए–** **1X6=6**

२०) कबीर किसकी राह देखते हैं ?
२१) मीराबाई की लगन किसमें लगी है ?
२२) कवियत्री को प्रेम का क्या दिखाई देता है ?
२३) सुख की एक साँस पर क्या निछावर है?
२४) कवि ने दिवास्वप्न की रानी किसे कहा है?
२५) पथ पर बार बार क्या टकराती हैं?

**आ) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **2X3=6**

२६) गोपियाँ क्या क्या स्वांग भरती हैं ?
२७) बसवेश्वर के विचारों को प्रकट कीजिए ?
२८) कवि प्रतिभा का मूल कहाँ कहाँ ढूढता है?
२९) कवि ने जीवन की किन किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए– **2X4=8**

३०) भाया छाड्यां बंधा छाड्या सगां सूंया।
साधां संग बैठ बैठ लोक लाज खूंया ।
भगत देख्यां राजी ह्यां जगत देख्यां रूयां।
असवां जल सींच सींच प्रेम बेल बूयां॥

अथवा

बहुत दिनन की जोवती बाट तुम्हारी राम ।
जिव तरसै तुझ मिलन कूं मनि नाहिं विश्राम ॥

३१) तुम नहीं सोच सकते कंपित गुंफित है कितनी करुण प्रीत।
हे! निराकार साकार सगुण निर्गुण स्वरूप हे गुण परीत ।

अथवा

कोई न छायादार
पेड वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन , भर बंधा यौवन ,
नत नयन , प्रिय कर्म रत मन ।

IV) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए– **1X6=6**

३२) शराबी के हाथ में कितने रुपये थे ?
३३) श्मशान के मन में वर्षों से किसके प्रेम की अलौकिक धारणा जमी हुई थी?
३४) एक चम्मच की कीमत कितनी मानी गई ?
३५) भीख मांगना किसी भी व्यक्ति के लिए क्या है?
३६) सिलिया किस दौड में प्रथम आई थी ?
३७) किसकी शादी तय हो गई थी?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **3X3=9**

३८) मधुआ पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए ?
३९) अंततः पहाडी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा?
४०) मंगलसेन को अपनी हैसियत पर क्यों नाज था ?
४१) 'क्या जिंदगी है इन लोगों की....' चंद्रप्रकाश के इस उद्गार पर टिप्पणी कीजिए?
४२) सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ संकल्प किया ?
४३) सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे?

V) ४४)अ) वाक्य शुद्ध कीजिए– **1X5=5**

१) निंदा का ऐसी ही महिमा है ।
२) बीमार को शुद्ध भैंस का दूध पिलाइये।
३) मैं घर जाता ।
४) हमने इसको विचार किया।
५) मैं विद्यालय खोला ।

आ) ४५) रिक्त स्थान भरिए– **1X5=5**

( ने, की, से, को, का )

१) वे घर घर घूमकर पीडितों ------ सहायता करते हैं।
२) यह संकोच -------- युग नहीं है।
३) कलावती बच्चों ------ पढा रही है।
४) राम कैंची ------- कागज काटता है।
५) माँ ------ बेटे को समझाया।

इ) ४६) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोडकर लिखिए- 1X4=4

१) आनाकानी करना------------अ) हिम्मत देना
२) आग बबूला होना------------ब) रक्षा करना
३) तार देना ------------स) गुस्सा होना
४) ढाढस बांधना ------------द) मना करना

ई) ४७)निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए- 1X3=3

क) मैं कहानी लिखती हूँ। ( भविष्य काल में बदलिए)
ख) अजयपाल तिलमिला उठेगा। ( भूतकाल में बदलिए)
ग) निमोनिया के कारण रोगी मर जाएगा। ( वर्तमानकाल में बदलिए)

उ)४८) अन्य लिंग रूप लिखिए- 1X2=2

१) लुहार २) कुम्हार

ऊ)४९) अन्य वचन रूप लिखिए- 1X2=2

१) जन , २) रूपया

ए)५०) समानार्थक शब्द लिखिए- 1X2=2

१) राज, २) हाथ

ऐ)५१) विलोम शब्द लिखिए- 1X2=2

१) विनाश, २) तप्त ,

VI) ५२) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1X5=5

ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य प्रकृति में छुपाकर रख दिए थे। मनुष्य ने अपने परिश्रम और प्रयत्न से उन रहस्यों पर से परदा हटा दिया। यह कहना गलत है कि मनुष्य संसार में आते समय अपना भाग्य लेकर आता है। वास्तव में वह अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है जो वह अपनी मेहनत से बनाता है । प्रकृति मनुष्य के भाग्य से हार मानती है जो लोग भाग्य पर विश्वास करते हैं वे आलसी हैं । वास्तव में वीर और परिश्रमी व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं बनाता है ।

१) ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य किसमें छुपाकर रख दिए थे?
२) किसने अपने परिश्रम और प्रयत्न से रहस्यों पर से परदा हटा दिया है ?
३) प्रकृति किससे हार मानती है ?
४) भाग्य पर विश्वास करने वाले लोग कैसे होते हैं?
५) अपने भाग्य का निर्माता कौन है?

VII) ५३) किसी एक विषय पत्र पर लिखिए- 1X5=5

अपनी किसी तीर्थ यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

जन्मदिन की बधाई देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

VIII)५४) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 1X5=5

१) When a person is stressed, he can't think straight.
२) Indian constitution provides fundamental rights to all its citizens.
३) India is a republic country.
४) India is democratic country.
५) Sorry for the inconvenience.

xxxxxxxxxxxxx